पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक- 13.11.2024

विभिन्न थाना क्षेत्रों से कुल 08 वांछित अभियुक्त एवं NBW में 01 वारण्टी गिरफ्तार।

दिनांक- 12/13.11.2024 को-

01-थाना गोमतीनगर में पंजीकृत विभिन्न लूट के 02 अभियोगों से सम्बन्धित 03 अभियुक्तों 01- आकाश द्विवेदी 02- आयुष सिंह 03- आशू रंजन

02-थाना हजरतगंज में पंजीकृत फर्जी नियुक्ति पत्र देकर ठगी करने से सम्बन्धित अभियुक्त राजेश यादव

03-थाना मडियांव में पंजीकृत मु0अ0सं0 660/24 धारा 64(1)/123/351(2) BNS से सम्बन्धित अभियुक्त अमित उपाध्याय

03-थाना मडियांव में पंजीकृत मु0अ0सं0 694/24 धारा 317(2) BNS से सम्बन्धित 03 अभियुक्तों 01- गोलू वाल्मीकि 02- शुभम वाल्मीकि 03- मोहम्मद शमीम गिरफ्तार।

एवं

NBW में थाना नाका से 01 वाँछित वारण्टी गिरफ्तार।

जोन-मध्य

थाना महानगर-

दिनांक 13.11.2024 समय करीब 10.18 बजे आगन्तुक श्री मनीष मल्हा निवासी पेपरमिल कालोनी निशातगंज लखनऊ ने थाना स्थानीय पर लिखित सूचना दिया कि जिसमें आज दिनांक 13.11.2024 को वह दुकान खोलने आया तो देखा कि दुकान के सामने एक अज्ञात व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा था आस-पास के लोगों से जानकारी की गई लेकिन मृतक के बारे में कोई जानकारी नही मिल सकी। **इस सूचना पर उप-निरीक्षक दिलीप कुमार थाना महानगर द्वारा तत्काल पंचायतनामा कर शव को पोस्टमार्टम हेतु भिजवा दिया गया। शव की शिनाख्त के प्रयास किये जा रहे है।**

जोन-दक्षिणी

थाना मोहनलालगंज-

दिनांक 13.11.2024 समय करीब 09.28 बजे आगन्तुक श्री बुद्धीलाल पुत्र स्व0भवानीदीन निवासी ग्राम टिकरा मजरा कल्ली थाना मोहनलालगंज लखनऊ ने थाना स्थानीय पर लिखित सूचना दिया कि आज दिनांक 13/11/2024 सुबह वह जब अपने भाई जगदीश उम्र करीब 38 वर्ष पुत्र स्व0भवानीदीन निवासी उपरोक्त के घर की तरफ गये तो भाई के घर का बाहरी दरवाजा खुला हुआ था और कमरे का दरवाजा बन्द था खिड़की से देखा तो मेरा भाई जगदीश उपरोक्त छत के कुंडे में रस्सी का फंदा फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया था। **इस सूचना पर तत्काल उ0नि0 श्री अजय पटेल थाना मोहनलालगंज द्वारा मौके पर पहुंचकर परिजनों की मौजूदगी में शव का पंचायतनामा भर शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया।**